खबर संक्षेप

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए 32 आवेदन

**मण्डला।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने 32 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने पिछली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का यथोचित निराकरण कराएं। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में नैनपुर निवासी अब्दुल खालिक कुरैशी ने श्रवण यंत्र, गुरारखेड़ा निवासी गणेश प्रसाद ने त्रुटि सुधार, केहरपुर निवासी अवधेश वाजपेयी ने वृद्धापेंशन, चिरईडोंगरी निवासी दीक्षा ने सर्पदंश की आर्थिक सहायता के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कल 20 मार्च को अवंती बाई बलिदान दिवस पर आयोजन

**मण्डला।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रणेता 1857 की क्रांति में शहीद हुई वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस देश के विभिन्न स्थानों में गरिमा के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कल 20 मार्च को मण्डला के लालीपुर प्रतिमा स्थल पर दोपहर 12 बजे से अवंती बाई संघर्ष समिति एवं जिला लोधी क्षत्रीय समाज मण्डला द्वारा समारोह आयोजित है। देशभक्ति एवं राष्ट्रीय महत्व के उक्त कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा लोगों से सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

## गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**मण्डला।** रबी सीजन के फसलों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। कृषक अपने नजदीकि सहकारी समिति, एमपी ऑनलाईन, सीएससी एवं एमपी किसान ऐप के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक कृषि श्रीमती मधु अली ने बताया कि गेहूँ की फसल के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है, जबकि चना, मसूर एवं सरसों की फसलों के लिए कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 21 मार्च है। सभी कृषक बंधुओं से समय पर पंजीयन कार्य कराने की अपील की गई है।

### सक्षम अधिकारियों का टोटा? एक ही अधिकारी बना चहेता

# अधिकारियों के कंधे पर बढ़ते विभागीय प्रभार

*** जनसामान्य में पड़ रहा इसका विपरीत प्रभाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले का शिक्षा विभाग वैसे भी सवालों के घेरे में रहा है लेकिन कुछ ऐसे प्रतिभाशाली अधिकारी हैं जो विभिन्न तरह का दायित्व पर पदस्थ हैं जिसके चलते ऐसा लगता है कि इस विभाग की लाज बची हुई है। ये अधिकारी बेचारे दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और सभी दायित्वों का बिना किसी भेदभाव के पालन भी कर रहे हैं ताज्जुब तो यह है कि एक शिक्षक पढ़ाई के अलावा अन्य कार्यो को लेकर हमेंशा शिकायती रहता है तो ये अधिकारी कैसें 4-4 विभागों के महत्वपूर्ण पदों का दायित्व का निर्वाहन कर पा रहे हैं ऐसे अधिकारी तो निश्चित रूप से राष्ट्रपति पुरूष्कार के लायक हैं शायद अभी शासन में बैठे लोगों ने इनकी प्रतिभा का आंकलन नहीं किया ये बेचारे घर परिवार के दायित्व को किनारे कर विभाग के दायित्वों का निर्वाहन कर पा रहे हैं।







जिले में अधिकारियों के कंधे पर बढ़ते विभागीय प्रभार ने आम जनता में असंतोष पैदा कर दिया है। आदिवासी बहुल इस जिले में कई विभागों का कामकाज एक ही अधिकारी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसके कारण जनता की शिकायतें अनसुलझी रह रही हैं। आमतौर पर लोग अपनी शिकायतों को संबंधित विभाग प्रमुख तक पहुंचाते हैं, लेकिन अधिकतम विभागों का प्रभार एक अधिकारी के पास होने के कारण वह समस्याओं का समाधान नहीं कर पाता, जिससे शिकायतकर्ता निराश होकर सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायतें दर्ज करवा देते हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि जिले में सीएम हेल्पलाइन का औसत अनुपात बढ़ता जा रहा है, जो प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है।

जिले के प्रशासन को इस बात पर विचार करना चाहिए कि एक ही अधिकारी को तीन-चार विभागों का प्रभार देना क्या उचित है। अधिकतम दो विभागों का प्रभार देना तो समझ में आता है, लेकिन जब कार्य का बोझ अधिक होता है, तो विभागीय संचालन प्रभावित होता है। सवाल यह उठता है कि क्या जिले में इन विभागों को चलाने के लिए योग्य अधिकारी नहीं हैं, या फिर किसी सांठ-गांठ के तहत कुछ अधिकारियों को अधिक विभागों का जिम्मा सौंपा गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मण्डला विकास खंड शिक्षा अधिकारी रंजीत गुप्ता जो जिले के चहेते अधिकारी है। इनके पास बीईओ मण्डला के अलावा सहायक संचालक जनजाति कार्य विभाग, सहायक परियोजना अधिकारी कार्यालय परियोजना प्रशासक, प्रभारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जैसे महत्वपूर्ण चार विभागों का प्रभार है, जो जनचर्चा का विषय बन चुका है।

इसके अलावा, यह भी सवाल उठता है कि जिले में कई योग्य अधिकारियों को लूपलाइन में क्यों रखा जा रहा है? अगर उन्हें जिम्मेदारी दी जाती, तो शायद विभागों का संचालन और बेहतर तरीके से हो सकता था। यह विषय शासन-प्रशासन के लिये विचारणीय मुद्दा है।







## सत्र में मण्डला जिले के युवाओं एवं किसानों के लिए बात रखी-चैन सिंह बरकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

वर्तमान विधानसभा सत्र में राज्यपाल के द्वारा दिए गए अभी भाषण के बाद पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार रखते हुए निवास विधानसभा के चैन सिंह बरकडे विधायक ने क्षेत्र के किसानों युवाओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर भाजपा सरकार को जमकर घेरा विधायक द्वारा मंडला जिले के युवाओं और किसानों के पक्ष में अपनी बात रखते हुए युवाओं के लिए रोजगार एवं किसानों के लिए सिंचाई योजना के विषय में सरकार को यह बतलाया कि सरकार विगत 1975 से मध्य प्रदेश के मंडला जिले का संचित रकबा बड़ा नहीं है ना ही कोई सरकारी बहुउद्देश्य सिंचाई परियोजना चालू है और भी काम जैसे बिजली की समस्या आदिवासियों के अधिकार की गरीब हटाने एवं अन्य योजनाएं जो की सरकार द्वारा कही जाती है परंतु अभी तक इस काय को पूर्ण नहीं किया किसानों के लिए ₹5 में स्थाई विद्युत कनेक्शन देने की घोषणा की जिसको उन्होंने याद दिलाया जिले में किसानों की रवि फसल लगाने के लिए ₹8 हजार में 3 महीने के लिए टीसी कनेक्शन दिए जा रहा है किसानों को इसका लाभ सही समय में नहीं मिल रहा है जिससे सच्चाई के लिए पानी सही समय में नहीं मिल पाता निवास विधानसभा क्षेत्र के विधायक द्वारा शिक्षा व्यवस्था के लिए कहां की मंडला जिले में 400 स्कूल हैं जिनकी स्थिति जर्जर है बच्चों को पढ़ाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है बरसात के दिनों में जर्जर स्कूलों में पढ़ाई करने पर मजबूर हैं और कई समस्याएं अपने क्षेत्र की सत्र के दौरान रखे गए।

### रोजगार मेले का आयोजन नगरपालिका टाऊनहॉल में 20 मार्च को

**मण्डला।** रोजगार के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। 20 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक मेले का आयोजन होगा। 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार युवक, युवतियां इस मेले में पहुंचकर योग्यता एवं रूचि के अनुसार निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक रोजगार मेले में अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर मेले का लाभ ले सकते हैं।

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न




**मण्डला।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के संबंध में राजनैतिक दलों की समस्याओं के निराकरण तथा उनके सुझाव लिए गए। आयोग द्वारा निर्धारित चार अर्हता तिथियों के आधार पर नाम जुड़वाने की सुविधा के संबंध में प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा ने पार्टी प्रतिनिधियों से कहा कि जिन मतदाताओं के नाम जनवरी में जोड़े गये हैं किन्तु अभी तक उनके ईपिक कार्ड संबंधित को नहीं मिले हैं, ऐसे मतदाता ई-ईपिक जनरेट करा सकते हैं। इसके अलावा निर्वाचन कार्यालय जाकर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में ऑनलाईन मोबाईल ऐप, वोटर हेल्पलाईन आदि के विषय में भी प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण कुशवाहा, सीके तिवारी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों की विस्तार से विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका सकारात्मक निराकरण करें। सभी विभाग ग्रेडिंग सुधारने का प्रयास करें। अपर कलेक्टर ने 50 दिवस से लम्बित प्रकरणों पर फोकस करने के निर्देश दिए। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित जिलाधिकारी उपस्थित थे।



### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक

मध्यप्रदेश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न विषयों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका अक्षरशः पालन किया जाए। निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने तथा इपिक कार्ड जारी करने जैसे विषयों को गंभीरता से लें। डुप्लीकेट ईपिक कार्ड के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बैठक में जिला एनआईसी कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण कुशवाहा, सीके तिवारी सहित संबंधित शामिल हुए।





## खबर संक्षेप

### आज रंग पंचमी पर फिर उड़ेगी गुलाल, पुलिस की रहेगी पहरेदारी



**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगों के पांच दिवसीय उत्सह के अंतिम दिवस यानि की रंग पंचमी के मौके पर आज शहर में जमकर होली खेलने की संभावना है। क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि धुरडी के दौरान लोग होली उत्सव कम ही मनाते है। मगर रंग पंचमी के दौरान निश्चित तौर से शहर की गलिया रंगों से लाल होते हुये देखी जाती है। इसी के चलते आज रंग पंचमी त्यौहार को धूमधाम के साथ मनाये जाने की तैयारी को लेकर जहां युवाओं में काफी जोश नजर आ रहा है। वही दूसरी ओर रंग पंचमी के मौके पर शहर में अनेक जगहों पर फागो सहित अन्य प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित होते हुये देखे जावेगे। इस तरह रंग पंचमी का त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये शहर में जहां तहां पुलिस की सख्त पहरेदारी रहेगी।

### ट्रेनों में सीट सुरक्षित करने ट्रेक पार कर यात्री



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएॅ मॉगने के हकदार है। किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों चुनावी महौल के कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेटफार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीडभाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न कर सीट की जुगाड़ में लग जाते है। हालत यह है कि कभी रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। बताया जाता है कि कई रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है, जब प्लेटफार्म कूद ट्रैक पार करना अपने आम में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटा प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

### शहीद नगरी चीचली मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े रहने के चलते आमजन हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय जिस प्रकार से नगर पंचायत चीचली की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है उसके सुधार को लेकर न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसका परिणाम है कि नगर के बाजार क्षेत्र में जहां दुकानदारों द्वारा खुलेआम अपनी दुकानों को मुख्य सड़को पर फैलाते हुये जाम की स्थिति निर्मित करने से नही चूक रहे है, वही दूसरी ओर प्रभावशालियों के वाहनों का हाल तो इस प्रकार से बना हुआ है कि वह मुख्य मार्गो पर खड़े करते हुये अपने घरों में जिस प्रकार से आराम फरमाते हुये देखे जाते है उसके चलते बाजार क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण स्कूली बच्चों के वाहन बाजार के अंदर जाम में फंसने के कारण स्कूली बसों में सबार मासूम भूख प्यास से तड़पने के लिये मजबूर होते हुये देखे जाते है? वही दूसरी ओर बडे वाहनों को बाजार क्षेत्र में प्रवेश करने के लिये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से भी नही चूक रहा है? इस सच्चाई को लगातर उजागर किये जाने के बाद भी लगातार बिगड़ रही शहीद नगरी चीचली की यातायात व्यवस्था की ओर किसी के द्वारा भी ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से निर्मित हो चुका है।

# नगर की सड़को पर तेज आवाज के साथ फटाखा फोडने वाले बाइक चालकों के खिलाफ घूमा पुलिस का डंडा, नगर में अलग अलग स्थानों पर चालानी कार्यवाही करते हूये जप्त किये, साईलेंसरों पर चलाया बुलडोजर, यातायात नियमों के विपरीत चलने वाले वाहनों के खिलाफ की जावेगी सख्त कार्यवाही - एसडीओपी- मिश्रा










**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

सबसे शांति प्रिय माने जाने वाले इस नगर को पता नही कि युवा पीढी द्वारा कौन सा ग्रहण लगाया जा रहा है जिसके चलते सभ्य लोगों का सड़को पर निकलना दुभर होने से नही चूक रहा है? यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से शाम के समय शहर की सड़कों पर महिलाओं व किशोरियों सहित सभ्य लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो चुका है। हालत इस तरह से देखने मिल रहे है कि नगर के अनेक स्थल इस प्रकार के दिखाई पड़ रहे जो आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के लिए प्रमुख केन्द्र बन चुके है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय पानी टंकी व शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र संपूर्ण नगर में चर्चा का विषय बन चुका है, जहां पर आये दिन झगड़ा होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर इस क्षेत्र के प्रमुख माने जाने वाले मार्गो पर जहां दिन भर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है उसके चलते आने जाने वाली महिलाओं सहित आमजन को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर शाम होते ही सड़को पर बाईकर्सो का आंतक छाने के साथ साथ मुख्य सड़को पर खड़े होकर निश्चित तौर से शहर की शांति को भंग करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। क्योंकि इस समय देखा जावे तो घर घर नेता तैयार हो चुके है जो नगर की शांति व्यवस्था भंग करने वालों को संरक्षण देने की मुद्रा में दिखाई देने से नही चूक पाते है..? क्योंकि किसी छुट भैया नेता के दिल्ली वाले भैया से संबंध हे तो किसी के भोपाल वाले या फिर कोई शहर के बाहर विराजमान बऊ के आर्शीवाद के भरोसे बमचक मचाते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है? इसी का परिणाम है कि शाम होते ही शहर की सड़को की सच्चाई जिस तरह से देखने मिलना शुरू हो गया है कि वाइकर्सो का आंतक छाने से नही चूकता है। वह मनमानी करने वाले अपनी बुलट गाडी हो या फिर अन्य बाइकों में तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाना जहां अपनी शान समझने लगा है और दूसरी सड़को पर फटखानुमा आवाज के साथ घूमने वाली बुलटों के चलते लोग रात के समय अपने घरों में शांति के साथ सो तक नही पा रहै। शाम होते ही नगर की सड़को पर जिस प्रकार से बाईकर्सो का आतंक छाता है उसके चलते लोगों का अपने घरों से निकलने की बात तो दूर घरों के अंदर सोना भी मुश्किल होने लगा है। इस प्रकार से शहर में मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो अपने परिजनों के साथ रात के समय कही आ जा रही होती है। क्योंकि इन बाईकर्सो द्वारा अपनी गाडियों में लगे हुये तेज आवाज वाले साईलेंसर के साथ जिस गति से हुड दंग लीला मचाते हुये देखे जाते है उसके चलते पैदल चलने वाले राहगीरों की जान खतरे से खाली नही रह पा रही है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक युवाओं की गाडियाँ तो इस प्रकार से होती है कि वह बिना नंबर की वाईकों पर सवार होकर नशे की हालत दौडाते हुए देखे जाते है, यदि धोखे से कोई उनकी गाड़ी के सामने आ जावे तो उसका बचना मुश्किल ही होते हुये देखा जाता है। कुछ इसी तरह को हाल उन चार पहिया वाहनों का भी देखने मिल रहा है जो अपने गाडियों में प्रशासन के अधिकारियों की तरह अनेक प्रकार के सायरन लगाते हुये सड़को पर दौडाते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर इस तरह शहर में मनमानी करने वालों द्वारा सड़को पर खडे होकर अपना जन्म दिन मनाने की परम्परा के चलते जिस तरह नगर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लगते हुये देखा जा रहा है वह चिंता जनक बनने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर शहर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह यातायात के नियमों को दर किनार करते हुये एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये गन्ना से लदी हुई ट्रालियों के दौडने के कारण जहां बीते हुये वर्षो में अनेक दुर्घटनाये जिस तरह घटित हुई थी और उनमें अनेक युवाओं की मौत आज भी इतिहास के पन्नो में दर्ज हो और यह मंजर फिर इस वर्ष देखने मिलना शुरू हो गया है। इस तरह नगर में तेज आवाज वाले साईलेंसर तथा मनमानी करने वालों के खिलाफ अब पुलिस प्रशासन द्वारा अपना डंडा घुमना शुरू कर दिया गया है और इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक मृखागी डेका के निर्देशन में अभियान चलाते हुये पुलिस ने अपना डंडा घुमाना शुरू कर दिया गया है। इसी के चलते रंग पंचम के पहले जिला पुलिस अधीक्षक की मौजूगदी में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक तथा गाडरवारा यातायात प्रभारी नोवेन्द्र ठाकुर द्वारा कान फोडू साईलेंसर लगी हुई गाडियों के खिलाफ चालाना कार्यवाही करते हुये एक दर्जन से अधिक गाडियो के साईलेंसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलाने कीकार्यवाही की गई। वही लोगों को समझाईश दी गई कि वह अपने गाड़ियों को यातायात निमयों के तहत ही चलाये । यदि कोई नाबालिंग दो पहिया या फिर चार पहिया गाड़ी चलाते हुये पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस तरह उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा नगर में नाबांलिग कम उम्र के बच्चों को गाड़ी चलाते हुये पकड़कर चालानी कार्यवाही की गई। इस संबंध में जब उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि नगर में बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि युवाओं द्वारा अपनी गाड़ियों में कान फोडू हार्न तथा फटखा की तरह आवाज निकालने वाले साईलेंसर लगाना शान समझ लिया गया है। इस तरह तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाकर घूमने वाले गाड़ियों के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला मुख्यालय से आई हुई यातायात पुलिस तथा हमारे नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा मिलकर संयुक्त रूप से चालानी कार्यवाही की गई तथा लगभग एक दर्जन से अधिक गाड़ियो के तेज आवाज वाले साईलेसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलाया गया है। पुलिस की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी और किसी काम में पुलिस को सफलता तभी मिल पाती है जब आम जनता का सहयोग रहता है तभी किसी बुराई को खत्म किया जा सकता है। वही जब नगर निरीक्षक विक्रम रजक सें चर्चा की गई तो उनका कहना था कि नगर में बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है था कि युवाओं द्वारा अपनी गाड़ियों में कान फोडू हार्न लगाते हुये उनसे फटाखानुमा आवाज निकाला जाता था। वही दूसरी ओर नगर की सड़को पर रात के समय जन्म दिन मनाने की परम्परा के चलते नगर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लग रहा था। इस तरह बिगडे रही व्यवस्था व बाइकर्सो की मनमानी को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक के सहयोग से पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है तथा आज एक दर्जन से अधिक गाड़ियों के तेज आवाज वाले साईलेंसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलवाया गया है। यदि इसके बाद भी मनमानी वाले बाज नही आते है तो और सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस पुलिस द्वारा नगर के छीपा तिराहा पास तेज आवाज वाली बाइकों के साईलेंसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की गई तो उस दौरान जहां लोगों का हुजुम लगा हुआ देखा गया तो दूसरी ओर इस तरह कान फोडू हार्न लगाने वालों में पुलिस का डंडा घुमते हुये दहशत का महौल दिखाई देने लगा है तो दूसरी ओर अनेक लोगों की गाड़ियो से साईलेसर गायब नजर आने लगे है।

## नगर में साहू समाज द्वारा 25 मार्च को धूमधाम से मनाई जावेगी माँ कर्मा जयंती, तैयारिया बड़े ही जोरों पर


**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** साहू समाज द्वारा अपनी आराध्य देवी माँ कर्माजी की जयंती हर साल बडे ही धूमधाम के साथ मनाई जाती है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी 25 मार्च दिन मंगलवार को माँ कर्माजी की जयंती नगर के साहू समाज द्वारा धूमधाम से मनाने की तैयारिया बडे ही जोरो से की जा रही है। इस संबंध में साहू समाज के प्रमुखों द्वारा जानकारी देते हुये बताया जाता है कि मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन एक दिवसीय उत्सव के रूप में किया जाएगा। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने और हमारे समुदाय को एक साथ लाने का एक शानदार अवसर होगा। साहू समाज के वरिष्ठ व



पूर्व नपा अध्यक्ष राजेन्द्र साहू द्वारा जानकारी में बताया कि मां कर्मा देवी जयंती समारोह 25 मार्च को माँ कर्मा जी की जयंती साहू समाज सार्वजनिक समिति एवं मां कर्मा महिला मंडल गाडरवारा द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी श्री कृष्ण भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती समारोह का आयोजन नगर के सुखदेव भवन में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के चलते प्रातः 9:00 बजे नगर के हृदय स्थल पर झंडा चौक पर मां कर्मा जी की आरती एवं दीप प्रजुवल्लित। वही साहू युवा संगठन द्वारा वाहन रैली सुबह 10 बजे बजे झंडा चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सुखदेव भवन पहुंचकर समापन होगा। वही दोपहर 12 बजे से मां कर्मा जी की पूजन एवं हवन कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद दोपहर 3 बजे से मां कर्मा महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाऐगा। मां कर्मा साहू समाज सार्वजनिक द्वारा शाम 7 बजे से मां कर्मा देवी जागरण प्रस्तुति आर्केस्ट्रा द्वारा भजन संध्या एवं रात्रि 8 वजे से प्रसादी भोजन भंडारा आयोजित किया जावेगा। इस आयोजन को लेकर साहू समाज द्वारा तैयारियाँ बडे ही जोर शोर से की जा रही है।

## आज रंग पंचमीं के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक सहित कलेक्टर की मौजूदगी में पुलिस ने नगर की सड़कों पर किया फ्लैग मार्च, संदिग्धों पर रहेगी पैनी नजर





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस समय होली त्यौहार के बीच चल रहे रमजान माह को लेकर प्रशासन पूर्णरूप से अलर्ट स्थिति में दिखाई देने से नही चूक रहा है। वैसे भी देखा जावे तो बीते हुये माह जिले में जिस तरह अनेक घटनाये सामने आई है उसके चलते कानून व्यवस्था पर सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर हाल ही में महाराष्ट्र प्रांत के बाद होली उत्सव के दौरान प्रदेश के अन्य जिलों में घटित हुई घटनाओं के चलते होली त्यौहार की व्यवस्थाये बनाना निश्चित तौर से शासन प्रशासन के लिये एक चुनौती की तरह दिखाई देने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर प्रदेश के अन्य जिलों में तत्वों द्वारा जिस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है उसके चलते अब प्रशासन की टीम पूर्णरूप से सतर्क रहते हुये रंग पंचमी त्यौहार को पूर्णरूप से शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये सतर्क दिखाई देने से नही चूक रहा है। इसी के चलते आज रंग पंचमी त्यौहार को ध्यान में रखते हुये बीते हुये मंगलवार यानि की रंग पंचमी के एक दिन पहले जिला पुलिस अधीक्षक मृखागी डेका व जिला कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले की मौजूदगी में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में नगर के प्रमुख मार्गो से प्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान गाडरवारा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले सांईखेड़ा, चीचली, डोगरगांव पुलिस थानों के प्रभारी सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद था। यह पुलिस का प्लैग मार्च नगर की पानी टंकी से शुरू होकर महावीर भवन, श्याम टाकीज मार्ग से होते हुये झंडाचौक से पुरानी गल्ला मंडी से निकलते हुये पुराना बस स्टेन्ड होते हुये कुचबंदिया मुहल्ला मार्ग से निकलकर अलटा टाकीज रोड से वापिस पुलिस थाने पहुंचा। इस तरह नगर में निकाले गये प्लैग मार्च को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस प्लैग मार्च का उद्वेश्य आज रंग पंचमी के दौरान आम नागरिक अपने आपको पूर्ण रूप से सुरक्षित महसूस करे तथा रंग पंचमी पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना है। पुलिस द्वारा लगातार भ्रमण करते हुये असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। वही संवेदनशील स्थानों पर फिक्स पाइंट लगाकार पुलिस अधिकारियों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। वही आज रंग पंचमी के दौरान नगर में पुलिस चप्पे चप्पे पर मौजूद रहते हुये संदिग्धों पर पैनी नजर रखेगी।

## मंडी परिसर बना गिट्टी व्यापारियों की दुकानदारी का अड्डा, नियम विरूद्व खड़े किये जा रहे ट्रक



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जहां नगर की जवाहर कृषि मंडी का निर्माण किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये किया गया है जिसमें अपना अनाज बेचने के लिए आने वाले किसानों को अपने वाहन खड़े करने के साथ साथ अन्य सुविधाएं मिल सके, मगर इस समय देखा जा रहा है कि मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत के चलते जहां गिट्टी का व्यापार करने वालों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए यहां से गिट्टी की दुकानदारी की जा रही है, वही दूसरी अनेक वाहन मालिकों द्वारा मंडी परिसर में अपने वाहन खड़े करते हुए मंडी परिसर को पार्किंग स्थल बना डाला है? इस प्रकार से मंडी परिसर को गिट्टी का कारोबार करने वालों द्वारा जिस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है वही समझ से परे जान पड़ रहा है? इस बात का आज तक पता नही चला है कि आखिर में मंडी परिसर में गिट्टी के व्यापारियों द्वारा किसकी अनुमति से यहां पर गिट्टी रखते हुए अपना व्यापार किया जा रहा है। मगर इस प्रकार से मंडी परिसर का उपयोग अन्य दूसरे कार्यो में करना निश्चित तौर से जहां मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत की ओर संकेत देते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से अन्य लोगों द्वारा मंडी परिसर का दुरूपयोग किये जाने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कई टीन शैड एवं चौड़ी सड़को एवं प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है, मगर नगर की मंडी में अक्सर देखने को मिल रहा है कि रात्रिकालीन समय में सैकड़ो की संख्या में निजी ट्रक एवं अन्य वाहन वहां पर पार्किंग होते है, जिसे देखकर ऐसा महसूस होता है जैसे जवाहर कृषि उपज मंडी परिसर में वाहन रखने के लिए गैरिज बनी हो? इसी के साथ मंडी के पीछे वाले क्षेत्र में गिट्टी सप्लाई की दुकानदारी चल रही है जो बिल्डिंग मटेरियल के सप्लायर मंडी के अंदर गिट्टी का स्टाक रखते है पूरी मंडी में अनेको स्थानों पर गिट्टी का स्टाक देखा जा सकता है, बाबजूद इसके मंडी प्रशासन किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करता न ही वाहन मालिकों को वाहन खड़े करने की मना करता है जिससे मंडी प्रशासन की मिलीभगत का अंदेशा जान पड़ने लगा है? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि जब किसानों की भीड़ मंडी परिसर में होती है इसी दौरान यहां पर गिट्टी प्यापारियों के द्वारा ट्रेक्टरों से गिट्टी सप्लायी की जाती है जिसके कारण किसानों को परेशान होना पड़ता है, मगर इसके बाद भी मंडी प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण लगातार मंडी की शाख को बट्टा लगते हुए देखा जा रहा है।



## खंडहर में तब्दील हो रहा कभी गुलजार रहने वाला जनपद भवन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में कुछ शासकीय इमारते ऐसी है जिनकी प्रशासन द्वारा उपेक्षा और उनके रख रखाब करने की अनदेखी की बजह से वे बदहाल होती चली जा रही है। इन जर्जन इमारतों का बारिश में ढहने का खतरा रहने के बाबजूद प्रशासन हरकत में नही आता जिसके कारण आंधियों, बारिश झेलने के बाद ये कीमती इमारते या तो खुद टूटने लगती है या फिर उनकी निर्माण सामग्री चोरी होने का सिलशिला शुरू हो जाता है जिसकी सच्चाई नगर में जहां तहां बनी हुई शासकीय इमारतों के बदहाल होने की स्थिति में दिखाई पड़ रही है? जानकारी के अनुसार पुलिस लाईन में बने पुलिस कर्मियों के क्वार्टर, थाने के सामने बना तहसीलदार का बंगला, पुलिस की पुरानी चौकी परिसर मं बने आरक्षकों के आवास, आवकारी विभाग का भवन तथा शासकीय अस्पताल के पास स्थित टी वी वार्ड सहित अन्य कुछ शासकीय कार्यालयों में अंग्रेजो के जमाने में निर्मित भवनों की हालत शोचनीय होती चली जा रही है। गौरतलब है कि नगर के पलोटन गंज इलाके में बने हुए कृषि विभाग और पुराने जनपद भवन को समय की मार पहले जर्जर कर दिया था, जिसके चलते वह खंडहर हो चुका है, ज्ञात हो कि इसमें कृषि विभाग के भवन का पुनःनिर्माण का काम फिलहाल चल रहा है किन्तु कभी गुलजार रहने वाला जनपद भवन तो पूर्ण रूप से खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के स्वामित्व में आने वाले उक्त बेश कीमती भवन के खपरे, सागौन की लकड़यिा सहित अन्य सामगी्र गायब हो चुकी है तथा शेष रही भी लगातार गायब होती चली जा रही है तथा उसके भीतरी भाग में भीषण गंदगी व्याप्त होने के कारण जहरीली कीड़े जन्म ले रही है, इस हालत में पड़े हुए शासकीय भवनों को लेकर लोगों का कहना है कि पलोटन गंज का जनपद भवन कब ढहने की कगार पर आ जाए इसकी कल्पना नही की जा सकती है..? वही लोगों कहना है कि यदि प्रशासन अपनी इस बेशकीमती संपत्ति को लेकर अच्छी सोच बनाये तो निश्चित ही यहां पर काम्पलेक्स सहित अन्य चीजों का निर्माण हो सकता है जिससे शासन को आये होने के साथ बेरोजागरो के लिए आय का साधन साबित हो सकता है? मगर प्रशासन की उदासीनता के चलते सह सब हो पाना मुश्किल ही जान पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाईन उपस्थिति के आधार पर वेतन होगा जनरेट

**डिंडौरी** कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह ने समय सीमा की बैठक में शिक्षकों का सार्थक एप में आनलाईन उपस्थिति अनिवार्य करने और सार्थक एप में आनलाईन उपस्थिति के आधार पर शिक्षकों का वेतन जनरेट करने के निर्देश दिए है।

**जारी पत्र के अनुसार-** जिले के सातों विकासखंड डिंडौरी, शहपुरा, मेहंदवानी, अमरपुर, बजाग, करंजिया और समनापुर में कार्यायल विकास खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा पत्र जारी किया गया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि सभी विकासखण्ड अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकारीध्कर्मचारी सार्थक ऐप में संस्था में आने एवं जाने का शतकृप्रतिशत उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें जिला कोषालय डिण्डौरी द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियो का एम्प्लाईज कोड सार्थक एप से लिंक कर दिया गया है। माह मार्च 2025 का वेतन सार्थक ऐप में उपस्थिति के आधार पर वेतन जनरेट होंगे। समस्त अधिकारी कर्मचारियो को निर्देशित किया जाता है कि सार्थक ऐप में संस्था में आने एवं जाने का शतप्रतिशत उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें, अन्यथा वेतन अवरूद्ध कटौती होने पर आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### आज द्विवार्षिक अधिवेशन का होगा आयोजन

**अनूपपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के सचिव रामदास राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष आशादीप तिर्की, उपाध्यक्ष जयंतो दास गुप्ता तथा समस्त मजदूर कांग्रेस परिवार शाखा अनूपपुर द्वारा 19 मार्च को सायं 7 बजे साउथ ईस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर कांग्रेस शाखा कार्यालय अनूपपुर में संगठन का द्विवार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम संपन्न होना सुनिश्चित किया गया है। उक्त द्विवार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम जोनल महामंत्री पिताम्बर लक्ष्मी नारायण, जोनल अध्यक्ष तपन चटजी, जोनल कार्यकारीअध्यक्ष लक्ष्मण राव, मण्डल समन्वयक एवं संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री एवं उपमण्डल समन्वयक और संयुक्त महामंत्री रवीन्द्र कुमार धल, जोनल केन्द्रीय कोषाध्यक्ष डी.के. स्वाइन, संयुक्त महामंत्री बी. कृष्ण कुमार, संयुक्त महामंत्री राजेश खोपरागढ़े, सहसंयुक्त महामंत्री रामकुमार यादव मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### निर्माणाधीन नवीन जिला चिकित्सालय भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** दिनों दिन जिले में मरीजों की बढ़ती संख्या और पुराने जिला चिकित्सालय भवन में ज्यातदा दबाव पड़ने से समय पर लोगो को इलाज नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। वहीं भारत सरकार की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिले के जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए कार्यक्रम ने शुरू किया है। जिसके तहत अगामी 20 से 22 मार्च को एक टीम निरीक्षण को आ रहीं जो भारत सरकार के नियमों के अनुसार हैं या नहीं इसे देखेगी वहीं निर्माणधीन नवीन जिला चिकित्सालय भवन का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं होने से चिकित्सों को भी परेशानी हो रही हैं। मंगलवार की शाम कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्माणाधीन नवीन जिला चिकित्सालय भवन का निरीक्षण कर ठेकेदार की लापरवाही पर मौजूद निर्माण एजेंसी को लोगो को जमकर फटकार लगाते हुए ठेकेदार को रहकर 10 दिनों में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्माणधीन नवीन जिला चिकित्सालय भवन का निरीक्षण के दौरान सभी कमरों का बरीकी से निरीक्षण करते हुए विद्युत फिटिंग, वातानुकूलित सहित चिकित्सा में उपयोग आने वाली सामग्री के साथ शल्य चिकित्सा के दौरान उपयोग होने वाले सामग्री को तत्काल लगाने के निर्देश दिए। साथ निर्माण एजेंसी को निदेशित करते हुए कहा कि ठेकेदार को रहकर कार्य करायें। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी पीआईयू को दिन में 4 बार प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सिविल सर्जन एसबी अवधिया सहित अन्य संबंधित जन उपस्थित रहें।

# जनसुनवाई में प्राप्त 20 आवेदनों की हुई सुनवाई

कलेक्टर मारव्या के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया।




डिंडौरी

जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम कंचनपुर माल के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के खेल मैदान (शासकीय भूमि) में विश्वनाथ झारिया के द्वारा अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कराये जाने की शिकायत करते हुए शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की। इसी प्रकार से ग्राम लखनपुर के सरपंच एवं ग्रामीणों ने ग्रेवल रोड की मांग की। कामायब मछुवारा सहकारी समिति बस्तरा माल के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने मानिकपुर समिति बस्तरा जलाशय का पट्टा जारी करने की मांग की। आज जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

## एनएसएस विशेष शिविर में युवाओं को युवा भारत एवं डिजिटल युग की दी जानकारी



डिंडौरी

शासकीय आदर्श महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, रहंगी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को युवा भारत और डिजिटल युग के महत्व पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनीत टांडिया ने डिजिटल युग में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रेरित किया। वहीं, विशिष्ट वक्ता डॉ. सुरेंद्र लिल्हारे ने युवा भारत विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इमलई की सरपंच श्रीमती सरोजवती धुर्वे उपस्थित रहीं। साथ ही पंचायत सदस्य राजेंद्र गोयल एवं राजकुमार गोयल ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयंसेवक धनराज उइके ने की, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. अनुपम सिंह बघेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा तरुण राठौर द्वारा तैयार की गई। शिविर में स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए युवा भारत के निर्माण में अपनी भूमिका को समझा और डिजिटल युग के महत्व को आत्मसात किया।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डिंडौरी

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 शाहपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधिक सलाहकार श्रीमती स्मिता चैरसिया, केस वर्कर श्रीमती रितु खांडे, केस वर्कर श्रीमती रागिनी धुर्वे द्वारा बालिकाओं को वन स्टॉप सेन्टर (सखी), महिला हेल्पलाइन (181), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल विवाह रोकने हेतु किए जा रहे प्रशासन के प्रयास, बाल विवाह के दुष्प्रभाव के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय शहपुरा की समस्त पर्यवेक्षक स्टॉफ और छात्रावास अधीक्षिका भी उपस्थित रहीं।

## कोतवाली पुलिस की कार्यवाही, 23 नग पड़ा एवं भैंस सहित एक 6 पहिया वाहन



हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियो जुआ सट्टा शराब पशु तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित करने पर थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गा प्रसाद नगपुरे द्वारा टीम गठित कर परसते पेट्रोल पंप के पास से अवैध पशु परिवहन करते एक 06 पहिया वाहन जप्त किया गया दिनांक 16.03.25 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक लाल रंग का टाटा वाहन जिसका नंबर एम एच 40 सीडी 5203 जिसमे पड़ा एवं भैंस भरे हुए है जो वध करने हेतु मुड़की की और से डिंडोरी होते हुए जबलपुर की ओर जा रहा है जिसका पीछा कर परस्ते पेट्रोल पंप के पास पकड़ा गया गाड़ी का ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया गाड़ी को चेक करने पर गाड़ी के अंदर कुल 23 नग पड़ा एवं भैंस 15 नग भैंस 08 नग पड़ा कीमती 920000 एवं एक 06 पहिया वाहन 180000 कुल कीमती 270000 जप्त कर अपराध अज्ञात आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध धारा सदर का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया थाना प्रभारी कोतवाली श दुर्गा प्रसाद नगपुरे, Asi विपिन जोशी ,Hc 36 रोहित पटेल, आर. सतेन्द्र डहेरिया,विनोद माहौर,हेमंत झरिया, अवशीष पटेल, अजय यादव,कैलाश द्विवेदी, अवनीश यादव कि महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## रंगपंचमीं से बदलेगा जिले में मौसम का रंग, मौसम विभाग की तेज आंधी और बारिश की चेतावनी

अनूपपुर।

प्रदेश में इस बार रंगपंचमी का त्योहार मौसम के नए रंग लेकर आ रहा है। 19 मार्च से प्रदेश के आधे हिस्से में बारिश और तेज हवाओं का दौर शुरु हो सकता है। मौसम विभाग ने शहडोल सहित जबलपुर, ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा और सागर संभाग में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का अलर्टमौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में दो अलग-अलग साइक्लोनिक सिस्टम सक्रिय हैं। इन सिस्टमों के कारण पिछले 5 दिनों से हल्की बारिश और आंधी का सिलसिला जारी है। लेकिन रंगपंचमी यानी आज 19 मार्च से प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने वाला है। अगले तीन दिन प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है, जिससे दिन के तापमान में भी गिरावट आ सकती है।



### बदलते मौसम का सिलसिला

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक, 19 मार्च से 21 मार्च तक प्रदेश में मौसम का रंग बदलने वाला है। शहडोल सहित ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, सागर संभाग में तेज आंधी और बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। इन इलाकों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जिससे कुछ इलाकों में परेशानी हो सकती है। त्योहार के दौरान मौसम गीला और ठंडा रहेगा।

### आगामी मौसम की भविष्यवाणी

मध्यप्रदेश में बीते एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। तेज हवाओं और बारिश का असर खेतों में खड़ी रबी की फसलों पर भी पड़ सकता है। खासतौर पर चना, गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे फसल की कटाई और भंडारण में सतर्कता बरतें। साथ ही, मौसम के बदलाव को देखते हुए किसानों को अपने खेतों में उचित उपाय करने चाहिए। मौसम विभाग ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि 19 मार्च से अगले तीन दिन तक तेज आंधी और बारिश के दौरान सतर्क रहें। तेज हवाओं के समय पेड़ों और कच्चे निर्माणों से दूरी बनाएं और मौसम के ताजा अपडेट पर नजर रखें।

# कल्याणिका का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

अमरकंटक।

शैक्षिक संस्थानों में अपनी अलग पहचान बनाने वाली संस्था कल्याणी का केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय अमरकंटक जिसका संचालन श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के द्वारा किया जाता है। अमरकंटक मे विद्यालय को लगभग 26 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और हर वर्ष अपने विद्यार्थियों के मेहनत और शिक्षको के अथक प्रयास से अच्छे परिणाम बनते जा रहा है और सबसे सामूहिक प्रयास से विद्यालय दिन प्रतिदिन ऊंचाईयों तक बढ़ता जा रहा है और इस वर्ष भी कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय अमरकंटक के छात्र-छात्राओं के लगन व शिक्षकों के अथक प्रयास से केजी वन से लेकर कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने बताया कि परम पूज्य बाबा कल्याण दास जी के आशीर्वाद से एवं परम पूज्य स्वामी हिमाद्री मुनि जी की कृपा से विद्यालय नित्य नई ऊंचाई को छूता जा रहा है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा विद्यालय के होनहार छात्र और छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया व पूरे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा जिसमें कक्षा केजी वन में प्रणय साहू प्रथम देवासी विश्वास नमामि द्वितीय एवं नील जैन तीर्थ स्थान कक्षा केजी टु में प्रथम स्थान पर प्रणवी पटेल द्वितीय स्थान पर सार्थक मिश्रा एवं तृतीय स्थान पर आशीष सेन कक्षा एक में प्रथम स्थान पर सृष्टि द्विवेदी द्वितीय स्थान पर गूंजेता श्रीवास तृतीय स्थान पर तृषा सेठ एवं कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान पर दिवशी द्विवेदी द्वितीय स्थान पर




श्रुति गुप्ता तृतीय स्थान पर सात्विक गवले कक्षा 3 में प्रथम स्थान पर अजितेश पांडे द्वितीय स्थान पर आराध्या सिंह तृतीय स्थान पर वेदांश खेमका कक्षा 4 में प्रथम स्थान पर सजल सिंह द्वितीय स्थान पर आलिया अली तृतीय स्थान पर मनस्वी तिवारी कक्षा 5 में प्रथम स्थान पर आरूती पिटानिया द्वितीय स्थान पर अनुभव अग्रवाल तृतीय स्थान पर अवंतिका जैन कक्षा 6 में ए ग्रुप में प्रथम स्थान पर सक्षम जैन द्वितीय स्थान पर रुद्राक्ष सिंह तृतीय स्थान पर देवांश गुप्ता एवं कक्षा 6 ग्रुप बी में प्रथम स्थान पर आर्यन बंजारा द्वितीय स्थान पर दक्ष कुमार परस्ते तृतीय स्थान पर विराज पांडे एवं कक्षा 7 में समूह ए में प्रथम स्थान अरनव सिंह बघेल द्वितीय स्थान में रितिक मनोठिया तृतीय स्थान में नित्य गुप्ता कक्षा सात सी में प्रथम स्थान पर स्पर्श साहू द्वितीय स्थान पर अरनव सिंह बघेल तृतीय स्थान पर विधान चंद्रवंशी कक्षा 8 समूह ए में प्रथम स्थान पर स्तुति द्विवेदी द्वितीय स्थान पर खुशी खत्री तृतीय स्थान पर जिज्ञासा गुप्ता कक्षा 8 भी में प्रथम स्थान पर दिव्यांशी पांडेय द्वितीय स्थान पर तनु जायसवाल तृतीय स्थान पर आरजू धुर्वे कक्षा 9 समूह ए में प्रथम स्थान पर अनन्या सिंह द्वितीय स्थान पर मृणाल मित्तल तृतीय स्थान पर अवनी गुप्ता कक्षा 9 समूह सी में प्रथम स्थान पर सौम्या राय द्वितीय स्थान पर शुभ गुप्ता एवं वनी जैन तृतीय स्थान पर पीहू सेजल कक्षा 9 समूह भी सी में प्रथम स्थान पर शिवप्रिया शुक्ला तृतीय स्थान पर तृप्ति साहू तृतीय स्थान पर अनन्य पांडे कक्षा 11 साइंस ग्रुप में प्रथम स्थान पर यश प्रताप सिंह टूटी स्थान पर सत्यम कुमार जायसवाल तृतीय स्थान पर कीर्ति पाठक कक्षा 11 कॉमर्स ग्रुप में प्रथम स्थान पर भविष्य शराब द्वितीय स्थान पर अथर्य गुप्ता तृतीय स्थान पर आस्था जैन प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महंत हनुमान दास जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उमाशंकर पांडे पत्रकार अमरकंटक श्रवण उपाध्याय पत्रकार अमरकंटक एवं धनंजय तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन में अतिथियों के द्वारा मां वीणावादिनी माता सरस्वती की मूर्ति के सामने दीप प्रजवलन कर पूजा अर्चन के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं साल भर मे छात्र-छात्राओं शिक्षकों के कड़ी मेहनत एवं हमारा विद्यालय परिवार बच्चों को कैसे शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी करने के लिए कैसे काम करता है वह सब कार्यक्रम की रूपरेखा बताई तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व अंक सूची प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमान दास जी महाराज ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिए।

